सुविचार

अगर आप
जिंदगी में कुछ
हासिल करना,
चाहते हो तो
मेहनत से दोस्ती
कर लो !

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-11 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## जीवजंतुओं को मारना किस प्रकार का अपराध होता है जानिए/legal advice........

अगर कोई व्यक्ति किसी पालतू जीव जंतु को नुकसान पहुचाता हैं या उसका वध करता है या उसे इस प्रकार मरता है जिसके कारण वह विकलांग या उसका अंग विच्छेद हो जाए तब जैसे व्यक्ति का कृत्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 428 के अंतर्गत अपराध होगा। यहाँ जीव जंतु का अर्थ है किसी भी प्रकार के पालतू कुत्ता,बिल्ली, साँप, चींटियां आदि।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है इनकी सुनवाई का अधिकार किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट की है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**भारतीय दण्ड संहिता की धारा 428 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?**

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा(1) के अनुसार किसी भी प्रकार के जीवजंतु को नुकसान पहुचाने का अपराध एक समझौता योग्य अपराध हैं इसका समझौता बिना न्यायालय की आज्ञा अर्थात न्यायालय के बाहर ही उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिस व्यक्ति के जीव जंतु को नुकसान पहुचाया गया है।

## क्या छत पर पतंग उड़ाना अपराध भी अपराध है जानिए/legal advice.....

कहने तो अजीब लग रहा है की आप बिना परमिशन के पतंग उड़ाते हैं तो आप एक गंभीर अपराध को अन्जाम देते हैं इसके लिए आपको दो वर्ष की सजा एवं दस लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है जानिए इस विषय में कानून क्या कहता है।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**भारतीय विमान अधिनियम,1934 की धारा 11 की परिभाषा? (वर्ष 2008 के संशोधन के बाद)**

अगर कोई व्यक्ति हवा में ऐसा कोई गुब्बारा, हवाई जहाज, ड्रोन कैमरा, पतंग , लालटेन, जल में जहाज बिना अनुमति के चलाते हैं या आसमान में उड़ाते हैं जिससे की किसी व्यक्ति या संपत्ति जो जमीन, पानी या हवा में है ख़तरा उत्पन्न होता है तो यह एक गंभीर अपराध होगा। इसी प्रकार अधिनियम की धारा 12 कहती है कि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के किसी को पतंग, ड्रोन कैमरा, हवाई जहाज, आदि उड़ाने या चलाने के लिए उकसाता हैं तो उकसाने वाला व्यक्ति भी इसी गंभीर अपराध का दोषी हो इसके लिए अपराधी को अधिकतम दो वर्ष की कारावास एवं दस लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

**नोट-** पतंग उड़ाने की परमिशन व्यक्ति स्थानीय पुलिस थाने से भी ले सकता है।

पतंग को इस अधिनियम में इसलिए रखा गया है कि पतंग उड़ाने वाला व्यक्ति धागे में मंजे का इस्तेमाल करता है जो व्यक्ति को गंभीर क्षति पंहुचा सकता है एवं बहुत से पक्षी भी इस मंजे वाले धागे का शिकार हो जाते हैं।?

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं सामाजिक क्रांति है:मुख्यमंत्री श्री चौहान

### महिला सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में बहनों का अपार जन-समर्थन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बहनों की जिंदगी बदलने का महा अभियान चल रहा है। सरकार ने अब लाड़ली बहना योजना बनाई है, जिसमें गरीब और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1000 रूपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं एक सामाजिक क्रांति है। मेरी बहनों को अब अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी करने के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना होगा। यह एक भाई का अपनी बहन के लिए उपहार है, जो उन्हें केवल रक्षाबंधन पर नहीं, पूरे वर्ष मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज सिवनी जिले के केवलारी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने 129 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के पट्टे हितग्राहियों को वितरित किए। हितग्राहियों को अन्य योजनाओं में हितलाभ भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में मेरी बहनों का अपार जन-समर्थन मिल रहा है। आज भी यहाँ टेंट छोटा पड़ गया है। मैं अपनी बहनों के प्यार, स्नेह और समर्थन के लिए दिल से आभारी हूँ। भाई-बहन का रिश्ता अद्भुत रिश्ता है। मैंने प्रण किया है कि मैं अपनी बहनों की आँखों में आँसू नहीं आने दूँगा। आज मैं मन की बात आपसे कहने आया हूँ, भाषण देने नहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्राचीन भारत में महिलाओं की बहुत इज्जत और सम्मान था। मध्य काल में इसमें कमी आई और बेटियों के साथ भेदभाव और अन्याय किया जाने लगा। मैं बचपन से बेटियों के प्रति भेदभाव देखता आया हूँ। तभी मैंने प्रण लिया था कि इस भेदभाव और अन्याय को समाप्त करूंगा। मैं इसे पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा हूँ।



- मैंने बहन, बेटियों के प्रति भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने का प्रण लिया
- आज प्रदेश में 44 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी
- 10 जून से बहनों के खाते में आने लगेंगे 1000 रूपये

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई और बेटियों को उनके जन्म के समय 30 हजार रूपये का बचत-पत्र खरीद कर दिए जाने लगा। इसमें समय-समय पर उन्हें पढ़ाई के लिए राशि मिलती है और 21 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें एक लाख रूपये एकमुश्त मिलते हैं। आज मध्यप्रदेश में 44 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश में पंचायत और स्थानीय निर्वाचन में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

## सड़क निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें: कृषि मंत्री श्री पटेल



**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा जिले के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री पटेल हरदा सर्किट हाउस में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने जिले में संचालित सड़क निर्माण के कार्यों की जानकारी ली और उन्हें गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मरम्मत के लंबित कार्यों को भी तत्परता से पूर्ण करने को कहा है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## एक भी पात्र महिला मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से वंचित न रहे :ऊर्जा मंत्री श्री तोमर


### वार्ड-8 में विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा उपनगर ग्वालियर के वार्ड-8 में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की हितग्राहियों से संवाद एवं विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन के उद्देश्य से विकास यात्रा निकाली गई है। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि घर-घर जाकर नागरिकों को सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से अवगत कराना और उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल मौके पर ही निराकरण करना ही विकास यात्रा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि वार्ड में एक भी पात्र महिला मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से वंचित न रहे। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे करें। समय रहते सभी का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। वार्ड-8 में निकाली गई विकास यात्रा भगवत सहाय महाविद्यालय से प्रारंभ होकर प्रेम नगर, लक्ष्य स्कूल से लाजपद तोमर वाली गली, भीकम नगर, नरेश लोधी वाली गली, रतन वाटिका वाली गली, चौडे के हनुमान की विभिन्न गलियाँ, सीसीएस स्कूल वाली गली, कृष्णानंद की बगिया, मेन रोड, सेंट्रल स्कूल के पीछे, न्यू नरसिंह नगर, मरघट बंसल टाईल्स वाली गली, पीताम्बरा कॉलोनी, न्यू आदर्श स्कूल से नरसिंह नगर हुई। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने विकास यात्रा के दौरान आँगनवाडी केन्द्र पहुँच कर व्यवस्थाएँ देखी और बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया तथा आँगनवाडी सहायिका का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-8 में 35 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 7 लाख 50 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला, 5 जवान शहीद

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स की एक यूनिट के 5 जवान शहीद हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल एक जवान का राजौरी आर्मी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सेना ने बताया कि भारी बारिश की वजह से विजिबिलिटी कम थी, जिसका फायदा उठाकर आतंकियों ने गोलीबारी कर दी। इन जवानों की तैनाती काउंटर टेरेरिस्ट ऑपरेशंस के लिए की गई थी। सेना ने आशंका जताई है कि आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था। इस वजह से ट्रक में आग लग गई और जवान आग में झुलस गए। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने इस हमले की जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी है। राजनाथ सिंह ने जवानों की मौत पर दुख जताया है। सेना ने कहा है कि आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। उधर, 2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा कांड के सभी 67 आरोपियों को अहमदाबाद की सेशन कोर्ट ने बरी कर दिया। 21 साल बाद आए फैसले में कोर्ट को आरोपियों का दोष साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले। वहीं पीड़ित पक्ष ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाने की बात कही है। 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के पास नरोदा गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गए थे।



### ट्विटर ने वेरिफाइड अकाउंट से ब्लू टिक हटाए

## मुख्यमंत्री योगी, कोहली, सलमान के अकाउंट्स भी शामिल, टैग के लिए अब मंथली चार्ज

**नई दिल्ली।** ट्विटर ने 20 तारीख की रात 12 बजे से अपने प्लेटफॉर्म पर वेरिफाइड अकाउंट्स से ब्लू टिक हटा दिए हैं। कंपनी ने उन अकाउंट्स से ब्लू टिक हटाए हैं, जिन्होंने ट्विटर ब्लू प्लान के लिए भुगतान नहीं किया था। इसमें राहुल गांधी, क्कके ष्टरूयोगी आदित्यनाथ, विराट कोहली, रोहित शर्मा, अमिताभ बच्चन, सलमान खान, शाहरुख खान और अक्षय कुमार जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने 12 अप्रैल को ही इस बारे में ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, लीगेसी ब्लू चेकमार्क हटाए जाने की आखिरी तारीख 4/20 है। ट्विटर ने इस से पहले एक अप्रैल से लीगेसी चेकमार्क हटाने की तारीख तय की थी। कहा था, एक अप्रैल को हम अपने लीगेसी वेरिफाइड प्रोग्राम को खत्म करना और लीगेसी वेरिफाइड चेकमार्क को वापस लेना शुरू करेंगे। ब्लू चेक मार्क पहले राजनेताओं, प्रसिद्ध हस्तियों, पत्रकारों और अन्य सार्वजनिक हस्तियों के वेरिफाइड अकाउंट के लिए रिजर्व था। मस्क के ट्विटर टेकओवर के बाद इसे ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस में जोड़ा गया था।




### वेब के लिए सालाना सब्सक्रिप्शन पर 200 रुपए डिस्काउंट

मस्क 2023 के अंत तक ट्विटर को फाइनेंशियली मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन जैसी कुछ सर्विस को मॉडिफाई भी किया है। भारत में एंड्रॉयड और ढ्ढह्रस् वाले मोबाइल यूजर्स को ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए 900 रुपए प्रति महीना चुकाने होंगे। वेब यूजर्स को ब्लू सब्सक्रिप्शन 650 रुपए में मिलेगा। अगर वेब यूजर सालाना सब्सक्रिप्शन लेता है तो उसे डिस्काउंट मिलेगा।

# सौ - सौ मीटर की दूरी में हुये तीन घटिया निर्माण , आखिर उपयंत्री पर क्यों मेहरबाँ हुये कार्यपालन यंत्री ..?

**ज्ञान चन्द शर्मा**

**डिंडौरी।** जनपद बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत कौंडिया में घटिया पुलिया निर्माण के मामले में पर्दाफाश किया था,लेकिन क्या आपको पता है कि उक्त घटिया पुलिया निर्माण के पास ही दो अन्य घटिया निर्माण भी किये गये है,जिसमे एक अतिरिक्त पुलिया के साँथ सपाट स्थल पर पानी रोकने की कवायद में लाखों रुपयों की लागत से चेकडैम का निर्माण किया गया है। और जिम्मेदारों ने नियम - कायदों को दरकिनार करते हुये गुणवत्ता को नज़र अंदाज़ कर स्वयं स्वार्थ में लिप्त हो यह चेकडैम बनाया है ताकी निर्माण कार्य की आड़ में पंचायत प्रतिनिधियों के साँथ मिलकर बंदरबाँट किया जा सके।






## शासन की मंशा पर फेरा पानी

किसी भी पंचायत में ग्रामीणों की माँग को देखते हुये प्रस्ताव तैयार किया जाता है,फिर नियमानुसार स्थल चयन किया जाता है और संतुष्टि की अवस्था मे तकनीकी - प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर कार्य की अनुमति दे दी जाती है,लेकिन ग्राम पंचायत कौंडिया में मोटो नाला पर लगभग 13 लाख रुपये खर्च कर बनाया जा रहा चेकडैम एकदम समझ से परे है,जिससे यह तो तय है कि पंचायत प्रतिनिधियों ने जल सहेजने की जो मंशा पाल रखी है उसमें




तो उन्हें सफलता हाँथ नही लगनी।बता दें कि उक्त निर्माण कार्य 2021 - 22 मे स्वीकृत हुआ था और अब तलक पूरा नही हुआ।फिर उक्त चेकडैम में 20 एम - एम की गिट्टी के स्थान पर हैंडब्रोकर बड़ी व मिट्टी से सनी हुई गिट्टियों का इस्तेमाल किया गया है।एवं मौके पर किया गया कांक्रीट भी घटिया निर्माण की पोल खोल रहा है।

## क्या दिखावे के लिये बनी प्रगोगशाला

ज्ञात हो कि इससे पहले जिस घटिया पुलिया का जाँच प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को सौंपा गया था,उसमें कार्यपालन यंत्री ने मौके से नमूने लिये जाने का जिक्र नही किया था,इसके अलावा ना तो पुलिया के बींचो - बीच कांक्रीट खोदी गई और ना ही उसे बतौर नमूना एकत्रित किया गया,ताकि मुख्यालय स्थित विभाग की प्रयोगशाला में उसकी जाँच की जा सके।तो क्या प्रयोगशाला दिखावे के लिये बनाई गई है,इसकी भी जाँच होना चाहिये। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह भी की स्वयं कार्यपालन यंत्री ने भी माना कि उन्होंने लगाये गये आरोपों के आधार पर पुलिया की जाँच की है। इससे अलावा आप नजदीक ही तैयार हुई अन्य पुलिया व चेकडैम की गुणवत्ता का अंदाजा भी लगा सकते हैं।

## तो क्या उपयंत्री पर मेहरबाँ है साहब ..?

जिस दरमियाँ घटिया पुलिया की जाँच हुई उसी दरमियाँ जनपद पंचायत के एस डी ओ व उपयंत्री भी पंचायत प्रतिनिधियों के साँथ मौके पर मौजूद थे,तब उन्होंने बाकी के निर्माण कार्य की जाँच क्यो नही की,जबकी तीनों ही निर्माण कार्य सौ - सौ मीटर के दायरे में है।और फिर जैसा जाँच प्रतिवेदन सौंपा उससे यह तो तय है कि विभागीय अमला उपयंत्री पर मेहरबाँ है ,और उसे बचाने की कवायद में ही यह सारा खेला किया जा रहा है। वही जब हमने इस संबंध में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यान्त्रकीय सेवा विभाग डिंडौरी से उनके कार्यालय में कथन लेना चाहा तो उन्होंने कथन देने से साफ इंकार कर दिया।




# अंबेडकर जयंती पर राधे हाइट सोसाइटी में समाजसेवियों का सम्मान एवं विशाल कवि सम्मेलन

ज्ञात हो कि राधे हाइट सोसाइटी में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इसअवसर पर सामाजिक बंधुओं एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण अहिरवार अंशु कवि,ने की, मुख्य अतिथि अभय सिंह चौधरी , डॉक्टर विनीत साहू , विशेष अतिथि संतोष उपाध्याय वार्ड पार्षद 22 एवं जनसमूह समाजसेवियों के बीच जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई । विशेष बताओ द्वारा उनके द्वारा किए गए संघर्ष सहज समाज के उत्थान संविधान आदि पर प्रकाश डाला।अंबेडकर के जीवन संघर्ष सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। सम्मान समारोह के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सभी कवि और द्वारा अपनी,अपनी कविताओं के माध्यम से मन मुक्त कर दिया एवं बाबा साहब के सिद्धांतों पर कविताएं प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। मंचासीन कवियों में बाबूलाल कदम ,नवीन हरियाले रामेश्वर मेहरा,पवन सराठे, हेमंत शुक्ला ,मनोज परसाई सुभाष यादव भिलाला जी ,संदीप गुरुजी, अंशु कवि ने अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की, संजय चौधरी द्वारा कविता पाठ की समिति के सदस्यों में सुरेश मालवी गार्ड , गुड्डू




चाणक उपाध्यक्ष,महादेव जांगड़े पारस साहू, सुशील पूर्वी ,सोनू उमरे संतोष मालवीय संजय गौर आरबी गोलियां मीनाक्षी गोलियां अभिषेक चौधरी गोविंद चौधरी राजेश अहिरवार राकेश तिवारी नामदेव बटी राज राज 11 संचालन रविंद्र राजोरिया ने किया आभार व्यक्त अखिलेश दामले आयोजक समिति सदस्य ने किया। इस अवसर पर आशिक खान हेमलता रमन पूर्व बी. आर.सी. दिनोद क्रिरकिटा सुनील चौहान सुरेश मालवीय राजाराम खापरे, राकेश तिलथिया, यशवंतराव नागले ,के. के. पेंटर, संदीप चौधरी .नर्मदा राठौर. संतोष दबगर, मनीष बारबे, मनोज कटारे ,डॉ तरुण नागले, सौरव गोलिया ,श्रीमती रजनी चौधरी, सावित्री अहिरवार, प्रमिला चौधरी, ललिता बरखने, सुरेश मेहरा ,मेहरा दर्शन एवं एमडी चैनल की पत्रकार श्रीमती भारती मेहर की उपस्थिति रही।

# मोबाईल टॉर्च जलाने से नही होगा शहर साफ!



**जगदलपुर।** जनसभा ने कहा, सड़क और चौराहे में दुकान बंद होते ही व्यापारियों द्वारा अपने संस्थान का दिन भर का कचरा फेंक दिया जाता है। ऐसे सभी व्यवसायियों पर कड़ी कार्यवाही और जुर्माना करने से जगदलपुर शहर जल्द साफ होगा। निगम प्रशासन द्वारा नगर में जागरूकता के लिए रेली निकाले जाने और पुनः इसमें सरकारी पैसे की बरबादी होते देख जनसभा संगठन के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने नगर निगम प्रशासन द्वारा सरकारी मद से लगातार स्वच्छता के नाम पर होर्डिंग, रंगोली, व सांस्कृतिक कार्यक्रम करके पैसा खर्च करने का आरोप लगाया हैं। उनका कहना है कि शहर भर के अधिकतर व्यापारी रात्रि होते ही जब अपने दुकान बंद करते हैं तब सड़को और चौराहों पर उनके संस्थानों का कचरा डाल दिया जाता है। चाय वाले हो या पान दुकान वाले, सब्जी फ़ल वाले या बड़े व्यवसाय करने वाले सभी संस्थानों का यही हाल है। जनसभा के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने निगम आयुक्त दिनेश नाग को सुझाव देते हुए कहा है कि नगर भर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने का दावा प्रशासन और पुलिस विभाग करती है। उन्ही कैमरों की मदद से निगम प्रशासन द्वारा क्यों नही देखा जाता की कौन सड़क और चौराहों पर कचरा डाल रहा है, और ऐसा करने वाले पर कड़ी कार्यवाही के साथ भारी जुर्माना भी लगाया जावे तो जल्द स्वच्छ शहर का सपना साकार होगा। व्यवसायियों द्वारा अगर कचरा डालना बंद नही किया जाता है तब उनका गुमास्ता रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की जो सफाई कर्मचारी कचरा उठाते हैं उन्हें सरकारी दर अनुसार वेतन दिया जाना चाहिए। काम वेतन मिलने के कारण भी कर्मचारियों की स्वच्छता के प्रति उत्साह स्वतः कम होती है।

## कोरोना मरीज के अस्पताल पहुंचते ही सक्रिय हुआ स्वास्थ्य अमला

# आईसीयू वार्ड में भर्ती कर शुरू किया गया इलाज



**डिंडौरी।** कोरोना मरीजों के मिलने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। भोपाल से मिले निर्देशों के अनुसार जिले में भी सभी सातों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीएमओ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इन सबके बीच मंगलवार को सुबह कलेक्टर विकास मिश्रा की मौजूदगी में जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल की गई।

**कलेक्टर की मौजूदगी में जिला अस्पताल में की गई मॉक ड्रिल**

सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के आसपास जैसे ही कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज अस्पताल लाया गया, वैसे ही स्वास्थ्य अमला सक्रिय नजर आया। मरीज को व्हीलचेयर पर लेकर आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। पीपीई किट पहने डॉ मनोज उरैती सहित नर्सो ने तत्काल इलाज देने का अभ्यास किया। इस दौरान कलेक्टर ने अग्निशमन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना मरीज के वार्ड में आने के बाद पहले दस मिनिट काफी कीमती होते है, इसलिए सतर्कता बरतते हुए तत्काल इलाज किया शुरू किया जाए। सिविल सर्जन डॉ अजय राज ने बताया कि कोरोना मरीज के वार्ड में पहुंचने पर सबसे पहले क्या इलाज किया जाना गई इसका दो स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। इसके बाद कलेक्टर ने जिला अस्पताल में स्थापित दोनो ऑक्सीजन प्लांट ऑक्सीजन का भी जायजा लिया और ऑक्सीजन उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन मशीन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मॉक ड्रिल के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीएमएचओ डॉ रमेश मरावी, डीपीएम विक्रम सिंह, आयुष डॉ समीक्षा सिंह, डॉ मिनी मोर्बी, विक्रमपुर बीएमओ डॉ दीपेंद्र धुर्वे, डॉ कमलेश राज, राजकुमार साहू सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।





राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री Shivraj Singh Chouhan ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनकी जन्म स्थली अंबेडकर नगर महू में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# बाबा साहब अम्बेडकर जयंती समारोह बरेली में सोशल एक्टिविस्ट अतरसिंह भारतीय का आह्वान

**बरेली/रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की बरेली में परम पूज्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती महोत्सव दिनांक 16 अप्रैल 2023 में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज को संबोधित करते हुए सोशल एक्टिविस्ट अतरसिंह भारतीय ने कहा कि बहुजन समाज के विभिन्न संगठन अपने अपने स्तर पर लगातार काम कर रहे हैं। लेकिन वंचित, शोषित, पीड़ित वर्गों की राजनीति आगे नहीं बढ़ पा रही है साथ ही इन वर्गों के संवैधानिक अधिकार निरंतर क्षीण होते जा रहे हैं। इन वर्गों में बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार रुक नहीं रहा है। इसका कारण है कि लोग अपने अपने अहंकार में डूबे हुए हैं और जो मिशन के नाम पर काम करने की डींग हांक रहे हैं, वह अपने कार्यों का सही मूल्यांकन नहीं कर रहे हैं। इसलिए हमारे वोट का विभाजन निरंतर होता जा रहा है। इसलिए सामंतवादी व्यवस्था में हमारा वोट चला जाता है। हमारे लोग अलग अलग सिंबल पर चुनाव लड़कर अपने वोट को खुद ही विभाजित कर रहे हैं। जब तक अपने वोट को एक ही सिंबल में इकट्ठा नहीं करेंगे तब तक कितना ही काम करते रहेंगे हमें अपने पवित्र उद्देश्यों की पूर्ति कभी नहीं हो सकती और ना ही समाज को न्याय मिल सकता। श्री भारतीय ने जोर देकर आगे कहा कि बहुजन समाज के



संगठनों को आत्मचिंतन करना चाहिए। कार्यक्रम में नर्मदापुरम, रायसेन, नरसिंहपुर, भोपाल, विदिशा व सागर जिले से सैंकड़ों महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम हनमत बौद्ध की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री देवेंद्र पटेल, डॉ जगदीश सूर्यवंशी विशेष अतिथि हेमन्त नरवरिया, डी आर परिहार, दिनेश बघेल, गोटीराम बघेल, रमन बामने, पोहप चौधरी, गणेश राम चौधरी, बालकृष्ण नरवरिया मंच पर मौजूद रहे वहीं कुशल संचालन एमएल बघेल ने किया।

## गुरुवार को तालाब में डूबकर मृत नगरनार के तीन बालकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

■ संसदीय सचिव और कलेक्टर की पहल पर मिली तत्काल आर्थिक सहायता



**जगदलपुर।** गुरुवार 20 अप्रैल को तालाब में डूबकर मृत नगरनार के तीन बालकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि नगरनार में गुरुवार को प्रमोद पिता सोमदास, प्रियांशु पिता शंभूनाथ और विक्की पिता तुलाराम की मृत्यु तालाब में डूबकर मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना को देखते हुए संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन तथा कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने जगदलपुर महारानी अस्पताल में शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। वहीं पीड़ित परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रबंध भी किया।

## ग्राम पंचायत मारकेल के तीन अलग अलग स्कूलों में अतिक्रमण कर किया गया है अवैध कब्जा जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग खामोश...



जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मार्केट जो कि नगरनार स्टील प्लांट प्रभावित ग्राम है जिसके कारण उक्त क्षेत्र की सभी जमीनो की कीमतआसमान छू रही है जिस कारण पंचायत के प्रतिनिधि मनमानी करने में उठा और शासकीय जमीनों को अनियंत्रित लोगों को बेचा जा रहा है। अतिक्रमण व अवैध कब्जा इस कदर हावी है कि स्कूल परिसरों को भी बख्शा नहीं जा रहा है मामला हाई स्कूल मिडिल स्कूल प्राइमरी स्कूल का है जिसमें अवैध अतिक्रमण पंचायत के द्वारा कर भारी काम प्लेस निर्माण करवाया जा रहा है। ग्राम पंचायत मार्केट खुद कार्ययेजेंसी के रूप में काम करती है। किन्तु शासन के मापदंडों को दरकिनार किया गया है। वही मार्केल के अन्य स्कूलों की भी स्थिति वहीं है जहां अवैध कब्जा स्कूलो के भीतर किया गयाहै। मार्केल पंचायत में भारी पेयजल समस्या भी बनी हुई है इसका नजारा देखने को बनता है सरपंच सचिव के निराशाजनक रवैया से आम जनमानस त्रस्त है। सरकारी जमीनों को बेचकर पंचायत से एनओसी भी दिया जा रहा है। किंतु आम जनमानस की समस्या जस की तस है। ग्रामीणों के अनेकों शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे ग्राम पंचायत मार्केल के ग्रामीण अनेकों समस्याओं से जूझ रहे हैं वह शासन के जनहित के योजनाओं का लाभ से वंचित रखा गया है स्थानीय ग्रामीणो ने अब अपनी समस्याओं को लेकर के जिला कलेक्टर से मिलने का मन बनाया है तथा रूबरू होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराना चाह रहे हैं ।

# भीषण गर्मी से बचाव करने युवाओं ने जरूरतमंदों को छाता व चप्पल का वितरण किया

**बिरसिंहपुर पाली**



उमरिया- उमरिया जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा लगातार भीषण गर्मी में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद एवं राहगीरों को मदद पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में युवा टीम उमरिया के द्वारा भीषण गर्मी में बस्तियों व गरीब मोहल्ले में जाकर 30 जरूरतमंद परिवारों को धूप और गर्मी से बचाव के लिए छाता व चप्पल के साथ फल आदि बांटे गए। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को इस तपती गर्मी और लू में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है ।इसलिए युवा टीम उमरिया के द्वारा निर्णय लेकर गर्मी को देखते हुए चप्पले और छाता वितरण किया गया। पाली नगर के वरिष्ठ समाजसेवी धीरेंद्र शर्मा (धीरू), गोरे विश्वकर्मा, पाली थाना से सहायक उपनिरीक्षक बृजेंद्र उर्मलिया, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे के सहयोग से 30 जरूरतमंद परिवार को छाता में चप्पल का वितरण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी धीरेंद्र शर्मा ने कहा कि युवाओं की यह सराहनीय पहल है हम सभी को इन युवाओं का पूरा सहयोग करना चाहिए तपती धूप में जिस प्रकार इन्होंने जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर उन्हें चप्पल बचाता प्रदान किया है । यह काफी अच्छी पहल है। सहायक उपनिरीक्षक बृजेंद्र उर्मलिया व प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहां की जहां तपती धूप में लोग बाहर निकालना पसंद नहीं करते हैं। वहीं कई जरूरतमंद परिवार गरीब परिवार मजदूरी कर अपने घर का पालन पोषण करता है ।

पोषण करते हुए अपनी जरूरतें पूरी नहीं कर पाते हैं। युवाओं ने इन जरूरतमंद परिवारों की मदद कर और उन्हें इस तपती धूप में चप्पल जूते एवं छाता प्रदान कर पुनीत कार्य का संदेश दिया है। हमें इन युवाओं का पूरा सहयोग करना चाहिए और इन्हें ऐसे कार्य करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी धीरेंद्र शर्मा (धीरू),सहायक उपनिरीक्षक बृजेंद्र उर्मलिया ,प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, युवा टीम से हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह, खुशनुमा बानो, माया सिंह,सीखा बर्मन, दीक्षा सिंह,पारस सिंह परिहार, राहुल सिंह,अंकित सिंह एवं योगदान रहा।

# लाडली बहना योजना का दूरदराज के क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं -मुख्यमंत्री

■ गेहूं उपार्जन का कार्य सहजता से पूर्ण कराएं - मुख्यमंत्री

■ गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों को अच्छी सुविधाएं मुहैया कराएं








**शहडोल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी कमिश्नरो एवं कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि लाडली बहना योजना का प्रदेश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रचार प्रसार का कार्य स्थानीय भाषा में हो यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि दूरदराज जनजाति बहुल क्षेत्रों में लाडली बहना योजना के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन भी कराएं तथा सोशल मीडिया का उपयोग भी सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कमिश्नरो एवं कलेक्टरो को निर्देशित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लाडली बहना योजना के प्रचार में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए लाडली बहना योजना की जानकारी प्रदेश की दूरदराज की महिलाओं को होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन का कार्य सहजता से होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था हो किसानों के लिए छाया, पेयजल, अच्छी बैठक व्यवस्था हो, विलंब होने पर किसानों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों में खराब मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तिरपाल आदि की व्यवस्था भी रखना सुनिश्चित।

मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन केंद्रों में तौल कांटे और हमाल कि समुचित भी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन केंद्रों से गेहूं का परिवहन समय पर सुनिश्चित कराएं तथा किसानों को राशि का भुगतान समय पर हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी कमिश्नरो और कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई है ओलावृष्टि में हुई क्षति का तत्काल सर्वे कराएं तथा किसानों को नई दरों पर क्षति राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु चंद्र, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## कॉंग्रेस द्वारा मनाई गई अंबेडकर जयंती एवं अंबेडकर चौक पर लगाई गई शीढ़ी का किया गया उद्घाटन

**शहडोल।** जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता जी के नेतृत्व मे,भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कॉंग्रेस भवन शहडोल मे मनाई गई, तत्पश्चात रैली मे शामिल होकर अंबेडकर चौक मे स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के समक्ष नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल के प्रयासो से लगवाई गई शीढ़ी का उद्घाटन कर डॉक्टर अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। कॉंग्रेस भवन मे उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने अनुयाइयों मे बाबा साहेब के नाम से मशहूर अंबेडकर जी ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज मे व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष मे बिता दिया। उन्होने भारतीय समाज मे समानता लाने के काफी प्रयास किए। बाबा साहेब अंबेडकर जी की कानूनी विशेषज्ञता और विभिन्न देशों के संविधान का ज्ञान भारतीय संविधान के निर्माण मे बहुत मददगार साबित हुआ, उन्हें संविधान का निर्माता और संविधान का जनक भी कहा जाता है। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने दी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पीयूष शुक्ला, अनुज मिश्रा, प्रभात पाण्डेय, सुमित गुप्ता,विक्रम सिंह,राजीव शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमति संध्या सिंह, नीरज द्विवेदी, रामलखन तिवारी, रामनरेश तिवारी,शिव शंकर शुक्ला,अशोक बजाज, सौरभ तिवारी,राम कुमार नापित,नरेंद्र मरावी,गोविंद साहू,रेवा सिंह,रवि शेखर राव,दीपक सिंह,आशीष द्विवेदी, शिवी,अकाश,मयंक,अमन, महेन्द्र,शैरोन आदि सैकड़ो की सख्या मे कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कमिश्नर कार्यालय शहडोल में आयोजित हुई जनसुनवाई

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**



**शहडोल।** आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में ग्राम सगरा जिला शहडोल निवासी श्री बाबूलाल सिंह ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत सगरा ग्राम की आराजी खसरा नंबर 841 रकवा नंबर 0.405 पर मेरे आजा बाबा दादा घर बनाकर अपना जीवन यापन करते मृत्यु हो गया।

## कोयला मजदूर सभा (HMS) कुसमुण्डा क्षेत्र की शाखा ईकाई आदर्शनगर की बैठक केंद्रीय सचिव/ क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष युवा नेता बी.एल. महंत उर्फ राजवीर के अध्यक्षता में संपन्न

**कैलाश कुमार - सह संपादक युवाप्रदेश**

**छत्तीसगढ़/कुसमुण्डा।** शनिवार को शाखा कार्यालय आदर्शनगर कुसमुण्डा में कोयला मजदूर सभा ( ॥स्स) की साप्ताहिक बैठक कोयला मजदूर सभा ( ॥स्स) एसईसीएल के केंद्रीय सचिव व कुसमुण्डा क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुसमुण्डा क्षेत्र/परियोजना में कार्यरत युवा कर्मचारी बड़ी संख्या मे बैठक में शामिल हुये युवा श्रमिक नेता बी.एल. महंत ने संगठन के विस्तार पर उत्साहपूर्ण जोर देते हुये दिशा निर्देश दिये, वहीं ॥स्स श्रम संघ के युवा नेता बी.एल. महंत के नेतृत्व से प्रभावित होकर क्क्स्स यूनियन छोड़कर आये श्री भूपेंद्र मेहर एवं उनके साथ लगभग 25 से ज्यादा युवा कर्मचारी ॥स्स यूनियन की सदस्यता ग्रहण किये। उक्त बैठक में ॥स्स कुसमुण्डा क्षेत्र के नव-मनोनीत संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य श्री डी.सी. झा, आवास आबंटन समिति के सदस्य श्री एल.पी. सिंह एवं अन्य सक्रिय पदाधिकारी एवं सदस्य मुख्य रूप से शामिल रहे।




# रक्तदान है जीवन का सर्वश्रेष्ठ महादान दूसरों की जान

## बचाने के लिए कीजिए रक्तदान-फुंदेलाल सिंह मार्को

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को जी ने बताया की राजेन्द्रग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज 19 अप्रैल 2023 दिन बुधवार को सुबह 11.00 बजे से रक्तदान महादान का महाशिविर आयोजन किया गया है।इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधानसभा एवं जिले के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है।सभी दानों में रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है। ब्लड बैंकों में रक्त के आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है।उन्होंने कहा है कि हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेन्द्रग्राम में स्वास्थ्य संगठन समेत पूरे जिले में रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति भ्रांतियां दूर कर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेन्द्रग्राम में आज बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।शिविर का शुभारंभ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को स्वयं करेंगे।विधायक जी ने कहा कि आप यदि सही मायने में समाज की सेवा करना चाहते हैं तो आपको सिर्फ यही करना चाहिए कि आप सरकारी ब्लड बैंक में जाएं और रक्तदान करें।उन्होंने कहा कि रक्तदान को दुनिया का सबसे बड़ा महादान बताते हुए





कहा कि इससे जरूरतमंद की असमय जान बचाने में चिकित्सकों को काफी सहूलियत मिलती है।विधायक जी ने हर स्वस्थ जागरूक इंसान को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़े धर्म का काम है। इससे किसी के जीवन की रक्षा हो सकती है। एवं वाहन व अन्य दुर्घटना के बाद कई बार घायलों की जान बचाने के लिए तुरंत रक्त की जरूरत होती है। समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने पर घायल की जान तक चली जाती है। इसलिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर सकें और भविष्य में उस रक्त का उपयोग लोगों की जान बचाने में हो सके।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं से रक्तदान करने की अपील भी की।विधायक जी ने कहा कि खून के अभाव में किसी की जान नहीं जानी चाहिए।यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ब्लड बैंकों तक आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की भी पहुंच बने।

# नपा.वार्ड 2 के निवासियों ने सीएमओ से की मांग,बिगड़ा हैंडपंप बनवाए,एक नया लगवाएं

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 2 के निवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर को पत्र देकर मांग की है कि पूर्व में लगे बिगड़े हैंडपंप को बनवाया जाए एवं वार्ड की आबादी को देखते हुए एक और नया हैंडपंप लगवाया जाए जिससे सभी को पेयजल उपलब्ध हो सके। वार्ड क्रमांक 2 के अनेक निवासियों ने हस्ताक्षर करते हुए अपना पत्र मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिया है।जिसमें लेख किया गया है कि कृषि उपज मण्डी रोड पटौरा टोला वार्ड क्रमांक 02 नगरपालिका अनूपपुर जिला अनूपपुर का मोहल्ला आदिवासी-हरजिन की आबादी का क्षेत्र है जहां पर करीब 100 घर के लोग निवास कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 02 के इस मोहल्ले में हैण्डपम्पों की स्थिति बहुत खराब है और सभी हैण्डपम्प बिगड़े हुये हैं।मोहल्ले के निवासी पानी की समस्या से परेशान हैं।कृषि उपज मण्डी रोड पटौरा टोला वार्ड क्रमांक 02 नगरपालिका अनूपपुर जिला अनूपपुर में पूर्व पार्षद पुरोषत्तम चौधरी के द्वारा शासकीय हैण्डपम्प लगवाया गया था।जोकि अब खराब हो चुका है जिसको बनवाने के लिये वर्तमान पार्षद संजय चौधरी से कहा गया तो नगरपालिका से हैण्डपम्प सुधारने वाले आए और हैण्डपम्प को उखाड़ कर चले गये और कहा गया कि दो दिन के भीतर एक नया हैण्डपम्प मोहल्ले मे लगवाया जायगा।किन्तु धीरे-धीरे दो सप्ताह बीत गये हैण्डपम्प लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नगरपालिका के द्वारा पानी का टैंकर तो भेजा जाता है लेकिन वो कभी टाईम से नहीं आता है।मोहल्ले के निवासी मजदूरी करने के लिये दिन में काम पर निकल जाते हैं। जिससे उन्हें दिन में पानी भी नहीं मिल पाता और वो अपने लिये पानी नहीं भर पाते।नगरपालिका द्वारा भेजे गये टैंकर से लोगों के पानी की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती है।जिससे वार्डवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।गर्मी के इस मौसम में वार्ड क्रमांक 02 के लोग पानी लेने के लिये 2 किलोमीटर दूर जाते हैं तब जाकर उन्हें बड़ी मुश्किल से पीने का पानी मिल पाता है।वार्ड क्रमांक 2 के निवासियों ने तत्काल बिगड़े हैंडपंप को बनवाने एवं नए हैंडपंप को लगवाने की मांग की है।



## नगर परिषद डूमरकछार निवासी बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर उन्नति की एक और कदम की ओर, कोयला मजदूर सभा एसईसीएल के केंद्रीय सचिव बनाये गये



**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

नगर परिषद डूमरकछार निवासी बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर को उनके दमदार नेतृत्व क्षमता को देखते हुये एक वर्ष पूर्व देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा/कोयला मजदूर सभा एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था, श्री पनिका के संगठन मे पदभार संभालने उपरांत लगातार एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ़ मजदूर हित में ज्ञापन सौपकर उनका अधिकार दिलाते रहे हैं, एक वर्ष से इस मुहिम को अपना कार्य समझ कर चलते रहे नतीजा सैकड़ों मजदूर उनसे जुड़ते चले गये तथा संगठन मे उनकी पैठ भी बढ़ती चली गई, इसी कुशल और दमदार व बुलंद नेतृत्व क्षमता को देखते हुये कोल इंडिया के जेबीसीसीआई के सदस्य व कोयला मजदूर सभा एसईसीएल के महामंत्री श्री नाथूलाल पाण्डेय ने बी.एल पनिका उर्फ राजवीर को कोयला मजदूर सभा एसईसीएल का केंद्रीय सचिव बनाया है। अवगत हो कि बृजलाल पनिका उर्फ राजवीर हिंद मजदूर सभा में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में 2018 में सदस्यता ली थी तथा एक वर्ष पूर्व फरवरी-2022 मे हिंद मजदूर सभा श्रम संघ मे एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था, महज एक वर्ष मे ही देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा/कोयला मज़दूर सभा मे इतना बड़ा दायित्व मिला ये श्री पनिका के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है साथ ही क्षेत्र के लिये गौरव का विषय भी है ।

# नगरपालिका अनूपपुर में हो वाहन की व्यवस्था सीएमओ,कर्मचारियों के लिए जरूरी है आवास

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर (ब्यूरो) नगरपालिका अनूपपुर 15 वार्डों में फैला हुआ है इसका क्षेत्र काफी विस्तृत है। लेकिन अनूपपुर नगर पालिका में ऐसा कोई वाहन नहीं है जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारी वार्डों का दौरा नियमित रूप से कर सकें।आज प्रदेश के अंदर कई नगर पालिकाओं में वाहन की व्यवस्था है जिसका समुचित उपयोग भी किया जा रहा है और लोगों की सुविधाओं में तत्काल इजाफा भी हो रहा है।लेकिन अनूपपुर नगरपालिका में कभी भी किसी जनप्रतिनिधि ने इस और अपनी नजरें इनायत नहीं की।एक बार नगर पालिका में एक स्कूटी की व्यवस्था थी लेकिन वह भी देखरेख के अभाव में कबाड़ बन गई। आवश्यकता है कि नगरपालिका अनूपपुर में एक 4 चक्का वाहन नगर पालिका अधिकारी के पास होना चाहिए। जिसका उपयोग नगर पालिका क्षेत्र के भ्रमण आदि में किया जाना चाहिए। वाहन का दुरुपयोग ना हो इस पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है और वाहन का मेंटेनेंस भी बराबर होते रहना चाहिए।विधायक या सांसद निधि से नगरपालिका के लिए वाहन के लिए राशि की मांग की जा सकती है। आवश्यकता है नगर पालिका अध्यक्ष और उनकी परिषद इसके लिए प्रस्ताव पारित कर अपने विधायक या सांसद से नगरपालिका अनूपपुर के लिए वाहन की मांग करें। निश्चित ही वाहन मिलने से नगर पालिका के कार्यों में तेजी आएगी किसी भी वार्ड में आवश्यकता पड़ने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित कर्मचारी भी तत्काल उस स्थल तक पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही नगरपालिका अनूपपुर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित कर्मचारियों के लिए किसी तरह की आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे अधिकारी,कर्मचारी दूर दूर रहते हैं।आवश्यकता है नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए एक ही स्थान पर आवास की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे जरूरत पड़ने पर संबंधित से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए भी नगर पालिका अध्यक्ष एवं उनकी परिषद को परिषद में प्रस्ताव लाकर नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था के लिए प्रावधान करना चाहिए एवं स्थल चयन कर शासन से राशि की मांग कर आवास का निर्माण भी कराना आवश्यक है।जिला मुख्यालय का शहर होने के बाद भी नगरपालिका अनूपपुर के पास अपना स्वयं का कोई वाहन व्यवस्था नहीं है जबकि नगरपालिका का क्षेत्र काफी विस्तृत है।इसके लिए विधायक, सांसद निधि से राशि प्राप्त की जाए या फिर नगरपालिका में प्रस्ताव पारित कर परिषद की सहमति से एक वाहन नगरपालिका अनूपपुर के लिए शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। जिससे नगर पालिका के किसी भी वार्ड की समस्या का मौके पर मुआयना करने में किसी तरह की देरी नहीं होगी।







# आदर्श एग्रीकल्चर एक्यूपमेंटम द्वारा न्यु हॉलैंड किसान टेक डे कार्यक्रम किया गया आयोजित



**सुनीता सिंह - समाचार संपादक**

अनूपपुर। अनुपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ में आदर्श एग्रीकल्चर एक्यूपमेंटम के मालिक राजन राठौर जिला अध्यक्ष कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा न्यु हालैण्ड किसान टेक डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम ट्रैक्टर की टेक्नोलॉजी के बारे में किसानों को जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया था। जिसमे विभिन्न माध्यमो,गेम, नुवड,नाहर लकी ड्रॉ जैसे छोटे छोटे आयोजन कार्यक्रम में आकर्षण बिन्दु का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल द्वारा 05 किसानों को ट्रैक्टर की चाबी देकर ट्रॅक्टर डिलेबर किया गया साथ ही उक्त कार्यक्रम कार्यक्रम के माध्यम से एक नए न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर 3037 7×Super yv HP को लांच किया गया।कंपनी के अनुसार यह ट्रैक्टर टेक्नोलाजी के मामले में ट्रैक्टर इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीचर जबरदस्त पीटीओ पावर के साथ जिले के किसानो के लिए सर्वाधिक उपयुक्त ट्रैक्टर है।जिसे एक किसान ने कार्यक्रम के द्वारा ही क्रय किया।



**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# समाजसेवियों ने पेश किया मानवता का मिसाल

## रेलवे यात्रियों को भोजन, पानी तथा उपलब्ध कराई वाहन व्यवस्था

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**



शहडोल। जिले के समाजसेवियों ने एक बार फिर मानवता का मिसाल पेश किया है। आज शहडोल जिले के सिंहपुर रेलवे स्टेशन के समीप दो माल गाड़ी का आपस में भिड़ंत होने के कारण रेल का आवागमन बंद हो गया। जिससे शहडोल से सिंहपुर की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें शहडोल रेलवे स्टेशन में रुक गई। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन में शहडोल जिले के रोटरी क्लब, सांझी रसोई, पक्षीराज बस ट्रैवल्स सहित अन्य समाजसेवियों द्वारा नर्मदा एक्सप्रेस एवं संपर्क क्रांति ट्रेन कि यात्रियों को भोजन, पानी तथा उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने हेतु जिला परिवहन अधिकारी से संपर्क कर यात्रियों को भेजा गया। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा समाजसेवियों, अधिकारियों की सहायता से यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक भेजा जा रहा है तथा कुछ यात्री जो दूरस्थ स्थान से हैं उनके लिए ठहरने की व्यवस्था भी की जा रही है।



उन्होंने बताया कि इसमें विभिन्न समाजसेवियों द्वारा मानवता का मिसाल पेश किया गया है तथा उनके द्वारा यात्रियों के सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने बताया कि इस पुण्य कार्य हेतु सांझी रसोई शहडोल रोटरी क्लब के सदस्य तथा समाजसेवी श्री पीयूष कटारे, श्री गोपाल कटारे, श्री शुभम अग्रवाल, श्री रमित सिंह, श्री अमित सिंघल सहित पक्षीराज बस ट्रैवल्स इत्यादि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर मानवता का मिसाल पेश किया है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार श्री रॉबिन जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रजन राठौर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेश के जिलाध्यक्ष नियुक्त,आज होगा स्वागत

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**



अनूपपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के आदेशानुसार एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा जी के निर्देशानुसार रजन राठौर जी को जिला कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) अनूपपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस हेतु कांग्रेस नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करने एवं प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आज दिनांक 19 अप्रैल 2023 को पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को एवं कोतमा विधायक सुनील सराफ के नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन से सुबह 10.30 बजे भोपाल से अनूपपुर आगमन के साथ ही रेल्वे स्टेशन अनूपपुर से स्टेट बैंक चौक अनूपपर तक पैदल मार्च और उसके पश्चात् स्टेट बैंक चौक अनूपपुर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर,युवा कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी,कमलनाथ विचार सदभावना मंच, जिला कांग्रेस (सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)कांग्रेस सेवा दल भारतीय राष्टीय छात्र संगठन जिला कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ) ने सभी कांग्रेस जनो से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

# कुदरी पंचायत के कोटेदार ने दिखाई ग्रामीणों को दबंगई

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

जयसिंगनगर/कुदरी। वैसे तो शासन विभिन्न विभिन्न प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन गरीब जनता के लिए करने का दिखावा करती है तभी तो कुदरी के कोटेदार द्वारा आम जनमानस से अश्लील शब्दों का प्रयोग कर ऐसा साबित कर रहा है जैसे उन्हें वह सुविधाएं शासन प्रशासन द्वारा ना देकर बल्कि स्वयं उसके द्वारा दिया जाता है जिस कोटेदार द्वारा अश्लील शब्दों का प्रयोग कोटे से राशन उठाने वाले व्यक्ति के लिए किया गया उसका ऑडियो सभी जगह तेजी से वायरल हो रहा है यह खबर मध्य प्रदेश शहडोल जिले के ग्राम पंचायत कुदरी से है जहां कोटेदार के द्वारा ग्रामीणों को अपनी दबंगई दिखाई जाती है ,ग्रामीणों द्वारा बताया गया की कोटेदार पुष्पेंद्र मांझी /पिता सीताराम ढीमर के द्वारा, खाद्यान्न गला वितरण कर फिंगरप्रिंट मशीन में 2 माह का अंगूठा लगवाया जाता है और केवल एक माह का ही खाद्यान्न ग्रामीणों में वितरण किया जाता है ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर कोटेदार पुष्पेंद्र माझी द्वारा ग्रामीणों को राशनकार्ड से नाम काटने की धमकी एवं अपशब्दों का



प्रयोग करते हुए गाली गलौज भी किया जाता है ये वारदात हुई है गांव के ही एक शिक्षित ग्रामीण मनीष गुप्ता के साथ कोटेदार ने फोन के माध्यम से मनीष गुप्ता के साथ अभद्रता एवं अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दूरभाष में बात कर रहा है आई आपको सुनाते हैं कोटेदार एवं ग्रामीण मनीष गुप्ता के बीच हुए बातों की ऑडियो क्लिप इस ऑडियो क्लिप से यह साफ जाहिर होता है कि कोटेदार को किसी भी अधिकारियों का डर नहीं है।



# अंतरराष्ट्रीय धरोहर दिवस में शिव लहरा धाम में कार्यक्रम संपन्न

**सुनीता सिंह - समाचार संपादक**

अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के दिशा निर्देश में अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में दिनांक 18 अप्रैल 2023 को कोतमा ब्लॉक के शिव लहरा धाम में अंतरराष्टीय धरोहर दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें वहां के पुजारी ओम प्रसाद मिश्रा जी के द्वारा शिव लहरा धाम के धरोहर के बारे में बृहद रूप एवं सारगर्भित शब्दों में बताया गया की यहां के जो पुरातात्विक धरोहर है वह नागवंशी राजाओं के जमाने की की देन है जो हमें देखने का यह अवसर मिल रहा है और पुजारी जी ने के वही नदी के किनारे बने शिलालेखों और गुफा में बने शैल चित्रों का अवलोकन कराया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोच रामचंद्र यादव विकास खंड समन्वय खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेशनल ट्रेनर स्टेट रेफरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल कोतमा विकासखंड के समन्वय मिथिलेश सिंह नेताम पुष्पराजगढ़ ब्लॉक के समन्वयक खेलन प्रसाद कॉल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक ग्रेड 3 अजय मंडलोई एवं वहां के शिक्षक अजय सोनी और वहां के छात्रों एवं उत्तम नगर पालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं वहां के सभी कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा है।










# मालगाड़ियों में टक्कर, लोको पायलट की जलकर मौत, पांच घायल, कई ट्रेनें प्रभावित

**रोहित तिवारी**



शहडोल। रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। टक्कर के बाद एक मालगाड़ी के पावर (इंजन ) में आग लग गयी। शहडोल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे विपरीत दिशा से आ रहीं दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में एक लोको पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य के घायल होने की जानकारी मिली है। टक्कर के बाद एक मालगाड़ी के पावर (इंजन) में आग लग गयी थी, दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी लगने के बाद डॉक्टरों का दल मौके भेजा गया और घायलों को इलाज के लिए रवाना किया गया। फिलहाल रेल प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और निरीक्षण कर रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले लोको पायलट का नाम राजेश प्रसाद गुप्ता है। नगर पालिका की फायर टीम एवं रेलवे की रेस्क्यू टीम द्वारा करीब दो घण्टे की मशक्कत के बाद लोको पायलट का शव निकाला गया है। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेजा गया है, घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के चलते कई ट्रेनें प्रभावित हैं। कटनी की ओर से बिलासपुर जा रही संपर्क क्रांति को शहडोल में ही रोक दिया गया है, वहीं, यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने 15 बसों के जरिए पैसेंजर को शहडोल से बिलासपुर भेजने की तैयारियां शुरू की हैं। वहीं, दुर्घटना की खबर लगते ही मौके पर आरपीएफ व जीआरपीएफ का बल भी रवाना हो गया है। इस भीषण रेल हादसे के कारण दोनों ओर की रेल आवाजाही फिलहाल बन्द है।



राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि मार्ग को ट्रेनों की आवाजाही के लिए प्रशस्त किया जा सके। टक्कर इतनी तेज थी कि एक इंजन के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जांच शुरू कर दी गयी है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**सोहागपुर।** जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में भारतीय संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आधारित समानता पर्व कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंह नगर विधानसभा के विधायक जय सिंह मरावी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राजीव पांडे सांसद प्रतिनिध नीरज अंकेश जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष इंदिरा कन्या महाविद्यालय श्री विभव पाण्डेय मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला संदेश श्री विवेक पांडे एवं विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल उपस्थित रहे आज के कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला समन्वयक श्री विवेक कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि गांव गांव में प्रस्फुटन समितियां कैसे कार्य कर रही हैं उनके साथ में नवांकुर संस्थाओं द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है एवं विभाग द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी की क्लासेस किस तरह से चल रही है उसके विषय पर विस्तार पूर्वक बताया गया मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि समाज में छुआछूत जैसी कुरीति विद्वान थी वर्तमान समाज में यह कहा कि कुरीति अब खत्म हो गई है इसकी देन डॉक्टर अंबेडकर





को ही जाता है उन्होंने कहा कि बाबा साहब की आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में जोड़ा जा सकता है जोकि वर्तमान में होता हुआ दिख रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राजीव पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय संविधान के निर्माता दलितों के मसीहा एवं आधुनिक मनु के नाम से प्रसिद्ध डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय थे भारतीय अधिवक्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया ऐसे महान छवि से निर्मित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बारे में बताया गया कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार परामर्शदाता जयप्रकाश काछी द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे नवांकुर संस्था से कल्याणी वाजपेई ममता सोनी डॉक्टर राज पांडे सतीश तिवारी लोकनाथ नामदेव परामर्शदाता श्वेता सिंह जयप्रकाश राहुल द्विवेदी सतीश तिवारी प्रस्फुटन समिति से रेखा सिंह अतुल द्विवेदी प्रदीप गुप्ता उमा मिश्रा अनामिका मिश्रा संजय सिंह निशा तिवारी सागर सिंह महेंद्र यादव अखिलेश तिवारी महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सदस्य, सचिव राज्य नीति आयोग ने की समीक्षा





**शहडोल।** सदस्य,सचिव राज्य नीति आयोग श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत गोहपारू में अधिकारियों की बैठक ली तथा विकासखंड गोहपारू में आकांक्षी कार्यक्रम के तहत विकास खंड गोहपारू में संचालित विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। सदस्य,सचिव राज्य नीति आयोग ने आकांक्षी योजना के तहत संचालित कार्यक्रमों के संकेतांकों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के संकेतांकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मध्य प्रदेश राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने आकांक्षी विकासखंड अंतर्गत स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और सहयोगी सेवाएं अधोसंरचना ,ग्रामीण और शहरी कौशल विकास और रोजगार सामाजिक और वित्तीय समावेश संबंधी समीक्षा करते हुए कहा कि अंचल के लोगों के सामाजिक और आर्थिक बदलाव के साथ ही आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता आम जनता के भलाई के कार्य करके विकास के नए सोपान अर्जित करे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु चंद्र, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दिलीप पांडे, सलाहकार राज्य नीति आयोग श्री कन्हैया समदिया, स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ कुंजन सिंह, जिला योजना अधिकारी श्री डीके अहिरवार एवं श्री पुष्पराज सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आधी रात से शुरु होता है रेत का परिवहन चौकी से लगभग 01 किलोमीटर की दूरी निकलते हैं रेत लोड ट्रैक्टर

## जानिए कौन है मास्टर माइंड लालजी, संजू और छोटू ?

शहडोल/केशवाही। गर्मी आते ही रेत के काले कारोबार में आम से लेकर गुठली तक शामिल हैं ! जिले का एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर रेत का अवैध कारोबार चरम पर है ! केसवाही चौकी क्षेत्र के हर्री नदी से बेधड़क तरीके से रेत चोरी का मास्टर माइंड लालजी और संजू, छोटू द्वारा पूरी रात गांव की सड़कों पर खुलेआम परिवहन किया जा रहा है ! रेत से लोड ट्रैक्टर रात 11 बजे से गांव की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए निकलते हैं ! लेकिन किसी पुलिस कर्मी की मजाल नहीं कि वह इन ट्रैक्टरों को रोक सके ! सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी तरह से दिन में मझौली के बमुह्री नदी क्षेत्र में भी रेत की चोरी करने के लिए रेत माफिया सक्रिय हो जाता है ! ट्रैक्टर के माध्यम से रात 11 बजे से सुबह 05 बजे तक बेखौफ तरीके से रेत



का परिवहन आसपास के क्षेत्रों में करता है ! हैरानी इस बात की है कि पुलिस द्वारा कुछ दिन पहले हर्री नदी में पुलिस द्वारा दबिश भी दी गई थी और खालिक नामक व्यक्ति पर रेता लोड ट्रेक्टर भी पकड़ा गया कार्यवाही भी की गई थी लेकिन जैसे ही पुलिस ने रेड कार्यवाही की तो लालजी, संजू, छोटू के गुर्गों द्वारा मास्टर माइंड के फोन आ गया जिससे वे वहा से भाग खड़े हुए ! कई ऐसी खदाने हैं जो संचालित नहीं हैं, रेत उन्हीं से अवैध रूप से निकालकर लाई जाती है ! शहर के सभी प्रमुख सड़कों और चौराहों में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी लगाए गए हैं ! इन सीसीटीवी कैमरों में हर आने-जाने वाले की तस्वीर चौबीसों घंटे रिकार्ड होती है ! रात के समय शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए निकलने वाले रेत लोड ट्रैक्टर भी कैमरे में कैद होते होंगे, जिनके माध्यम से जिले के वरिष्ठ अधिकारी रात के समय गुजरने वाले रेत लोड ट्रैक्टरों की जानकारी ले सकते हैं और कार्रवाई कर सकते हैं ! पुलिस चाहे तो रात के समय गांव के न्यू कॉलेज के सामने व बस स्टैंड और मझौली जाने वाली रोड पर आधी रात को खड़े होकर रेत से भरे ट्रैक्टरों को देख सकते हैं या रोड पर इनके गुर्गों को देखा जा सकता है ! ऐसी अंधेरगर्दी गांव में गाहे- बगाहे हमेशा रेत की चोरी रेत माफिया द्वारा की जाती रही है, लेकिन जिस तरह से वर्तमान में रेत माफिया पुलिस, खनिज और राजस्व अधिकारियों को अपनी उंगली में नचा रहा है ! रेत माफियो को अब न तो पुलिस का खौफ है और न खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारियों का ! बाकी खबर अगले अंक में.........!

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर पत्रकारों का जंगी प्रदर्शन 1 मई को भोपाल में : राणा

**शहडोल से रोहित तिवारी की रिपोर्ट**

शहडोल। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना प्रदेश के पत्रकारों की बहुत पुरानी मांग है। जिसे पुनः पुरजोर ढंग से उठाने और सरकार के कानों में कलमकारों की आवाज पहुचाने के लिए मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नैतृत्व में 1 मई को प्रदेश की राजधानी भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल के संभागीय अध्यक्ष राहुल सिंह राणा ने शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के पत्रकार साथियों से आह्वान किया है कि पत्रकार सुरक्षा कानून कलमकार साथियों की





महत्वपूर्ण मांग है। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेश के पत्रकार साथी इसमे शामिल होंगे। राणा ने संभाग शहडोल के अनूपपुर, उमरिया, शहडोल सहित आसपास के सभी जिला अध्यक्षों से भी आग्रह किया है कि बड़ी संख्या में 1 मई 2023 को भोपाल में आयोजित जंगी प्रदर्शन में शामिल हों। संभागीय अध्यक्ष राहुल सिंह राणा ने पत्रकार सुरक्षा कानून की जरूरत बताते हुए कहा कि भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ लड़ने के दौरान कलमकारों को आने वाली दिक्कतों में पत्रकार सुरक्षा कानून बचाव का कार्य करेगा। इस कानून के लागू होने से पत्रकार भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ बेखौफ अपनी कलम चला सकेगा।

# युवक ने बचाई जंगली हिरण की जान



**ग्राम पंचायत चीखली (टोला)** जहां पर जंगल लगा हुआ है, गांव का युवक हल्के वीर जब जंगल में सुबह-सुबह दौड़ रहा था तब उसने देखा कि जंगली हिरण के पीछे कुछ कुत्ते लगे हुए हैं जंगल में तार फेंसिंग होने के कारण जंगली हिरण वह तार फेंसिंग से नहीं निकल पाया इसके चलते कुत्तों ने उसे घेर लिया और उसको काटना शुरू कर दिया जैसे ही युवक को दिखाई दिया उसने तुरंत जंगली हिरण के पास जाकर वहां से कुत्तों को उसके पास से भगाया और उसको अपने संरक्षण में लिया कुत्तों के काटने से जंगली हिरण काफी घायल हो गया था, एक पैर पहले टूटा हुआ होने के कारण वह ठीक से भाग नहीं पा रहा था कुत्तों के काटने से गंभीर रूप से घायल होने का कारण वह उठता और गिर जाता, करीब 45 मिनट के बाद युवक को कुछ लोग दिखाई दिए उनसे पानी लिया और हिरण को पिलाया उसके तुरंत बाद वन अधिकारियों को फोन लगाकर बुलवाया और मौके पर नंदकिशोर मालवीय वन संरक्षक आए और देवरी से उड़नदस्ता बुलवाकर उसको अपने जिम्मेदारी के साथ इलाज करवाने तथा उसके संरक्षण करवाने के लिए लेकर गए। ग्राम के युवक हल्के वीर को गांव के लोगों ने इस अद्भुत कार्य के लिए शाबाशी प्रदान की।।





# खुशियों की दास्तां 10: रितु ने स्व सहायता समूह से जुड़ कर बनाई अलग पहचान



**शहडोल।** शहडोल जिले के धनपुरी निवासी श्रीमती रितु दाहिया लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़कर गल्ले कार्य कर रही हैं। उनका कहना है कि हमारी आर्थिक स्थिति पहले अच्छी नहीं थी कि स्वयं का कोई रोजगार खोल सके फिर स्व सहायता समूह से जुड़कर हमें लोन प्राप्त हुआ और कई सारी महिलाएं मिलकर गल्ले का कार्य कर रहे हैं और बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी हो रही है। उनका कहना है कि आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है और बच्चों की पढ़ाई लिखाई बेहतर ढंग से करवा रहे हैं। महिलाओं द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है और अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनी है और स्व सहायता समूह की महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। श्रीमती रीतू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को इस तरह के कार्यों को संचालित कराने और उनका लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# ईद-उल फितर एवं परशुराम जयंती के अवसर पर स्वच्छता पर रखें विशेष ध्यान- कलेक्टर

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)/शहडोल।** जिले मे ईद उल फितर त्यौहार एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर त्योहार हर्षोल्लास, शांति, सद्भावना तथा भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा रही है। इस परंपरा को बनाएं रखते हुए आगामी त्योहार ईल-उल फितर तथा परशुराम जयंती के त्योहार भी सभी लोग आपसी भाईचारे से मनाएं तथा शहडोल जिले की शांति प्रिय छवि को आगे बढ़ाए यह अपील कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता मे संपन्न जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा जिलावासियों से की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल को निर्देशित किया कि पूर्व कि भांति के त्योहारों के दौरान नमाज अदा किए जाने वाले स्थान एवं मार्गों पर साफ सफाई एवं पानी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा सड़कों पर घूमने वाले जानवरों को हटा लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ईद-उल फितर के दिन समुदाय के मोहल्ले में प्रातः 5ः00 से 6ः00 तक नगर पालिका द्वारा पानी की सप्लाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि परशुराम जयंती के अवसर पर निकाले गए शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं फैलनी चाहिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शोभायात्रा के साथ-साथ साफ सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहडोल को निर्देशित किया कि दोनों त्यौहारों हेतु अत्यधिक रूप से फैले हुए बिजली के तारों को व्यवस्थित कर लिया जाए। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत कटौती ना हो। कलेक्टर ने महाप्रबंधक दूरसंचार विभाग शहडोल को निर्देशित किया कि न्यू गांधी चौक से बुढार चौक पर बीएसएनल के तार सड़क पर ओवरहेड स्थिति में है, भगवान परशुराम जयंती की रैली के मार्ग तारों को व्यवस्थित किया जाए।

## संपादकीय

# लापरवाही का सिलसिला

किसी भी दुखद घटना या हादसे का जरूरी सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। लेकिन ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वहां पाबंदी के बावजूद बार-बार जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है और प्रशासन की नाकामी बदस्तूर कायम है। गौरतलब है कि बिहार के मोतिहारी में तीन दिन पहले शराब पीने के बाद फिलहाल छब्बीस लोगों की जान जाने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात यह है कि राज्य में शराब पर सख्त पाबंदी को मौजूदा सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती रही है। मगर समय-समय पर अमूमन हर जगह अवैध रूप से शराब मिलने की खबरों को लेकर जब सवाल उठाए गए और पाबंदी की व्यावहारिकता को कठघरे में खड़ा किया गया, तब भी सरकार ने इस मामले में नरमी बरतने के कोई संकेत नहीं दिए। सवाल है कि अगर सरकार शराब पर प्रतिबंध को लेकर अपने सख्त रुख को उचित मानती है तो उसे जमीन पर उतारने में लगातार नाकाम क्यों दिख रही है! हालांकि कुछ महीने पहले राज्य के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की पिछली घटना के बाद राज्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया उभरी थी और विप दलों ने सवाल उठाए थे। तब मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया दी थी, उसे भी संवेदनशीलता की कसौटी पर उचित नहीं माना गया था। जबकि पाबंदी के बावजूद अगर कहीं किसी रूप में सामान्य या जहरीली शराब मिल रही है तो यह राज्य के प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही और विफलता का ही सूचक है। अगर सरकारी तंत्र की नाकामी की वजह से जहरीली शराब के कारोबारी अपना धंधा चला रहे हैं तो सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शायद इसी तरह के सवालों से उपजे दबाव का नतीजा है कि इस बार अपना रुख बदलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने यह अहम घोषणा की कि मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के अलावा पहले की घटनाओं में हुई मौतों के मामले में भी पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

## आलेख

# आरोप बनाम आंदोलन

अब यह सियासी रिवायत-सी बनती गई है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो उसे सही साबित करने के लिए आंदोलन खड़ा हो जाता है। जब भी जांच एजंसियां किसी नेता को पूछताछ के लिए बुलाती हैं, तो उसके पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर उतर आते हैं। इसके चलते घंटों सड़कें बाधित रहती हैं, नाहक लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआइ द्वारा आबकारी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जाना और फिर पूरे दिन दिल्ली में अव्यवस्था बने रहना है। इसके पहले जब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, तब भी ऐसा ही हुआ था। सिसोदिया पहले पूरे हुजूम के साथ राजघाट गए, फिर पूछताछ के लिए हाजिर हुए। यही तरीका केजरीवाल के समय भी अपनाया गया। पूछताछ के लिए जाने से पहले



उन्होंने प्रेस के सामने जांच एजंसियों पर दबाव में काम करने का खुल कर आरोप लगाया। भाजपा को निशाने पर लिया और केंद्र सरकार को चुनौती दी कि वह चाहे कितने भी नेताओं को गिरफ्तार कर ले, आम आदमी पार्टी का मनोबल टूटेगा नहीं। विचित्र है कि जो अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, वही अब भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में हैं। दिल्ली सरकार पर नई आबकारी नीति लागू करके भारी मात्रा में धन कमाने का आरोप है। मनीष सिसोदिया के पास आबकारी विभाग की जिम्मेदारी थी, उन्हें इस घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब अरविंद केजरीवाल पर आरोप है कि उनकी सहमति से यह घोटाला किया गया। सीबीआइ को इससे संबंधित तथ्य हाथ लगे होंगे, तभी उसने इतना बड़ा कदम उठाया। यह शायद पहली बार है कि किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोप में सीबाआइ ने तलब किया। बिना किसी ठोस आधार के जांच एजंसी इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकती थी। मगर अब माहौल कुछ ऐसा बन गया या बना दिया गया है कि जब भी किसी मामले में जांच एजंसियां पूछताछ करती हैं, तो उसे केंद्र के इशारे पर की जा रही कार्रवाई कह कर शोर मचाया जाने लगता है। सवाल है कि कोई आरोपी खुद इस तरह की दलील देकर कैसे किसी आरोप से बरी हो सकता है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ सदा से जंग छेड़ती रही है, फिर उसके नेताओं को अपने ऊपर लगे ऐसे आरोपों से बचने का प्रयास क्यों करना चाहिए। उन्हें सीबीआइ के सवालों का जवाब देकर साबित करना चाहिए कि सचमुच वे पाक-साफ हैं। हालांकि अरविंद केजरीवाल सीबीआइ के समक्ष पेश हुए, मगर केंद्रीय जांच एजंसियों के कामकाज पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र भी बुला लिया। विचित्र है कि जब भी आबकारी घोटाले की बात होती है, तो दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के नेता शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। अगर वे सचमुच बेगुनाह हैं, तो जांच में भी बेगुनाह साबित होंगे ही, इसे लेकर इतना वितंडा खड़ा करने की कोई जरूरत समझ नहीं आती। दूसरों की अनियमितताओं पर तो खूब चिल्ला-चिल्ला कर भाषण देते हैं, मगर जैसे ही खुद पर अंगुली उठती है, तो बेचारा-सा बन कर कहना शुरू कर देते हैं कि नाहक उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनसे कानूनी कार्यवाहियों में सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

## फोटो में आज



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने दिव्यांग जनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं और लोगों को दधीचि पुरस्कार से सम्मानित किया।

## हेल्थ

# दमकती त्वचा के लिए अखरोट का सेवन करें

सभी महिलाएं चाहती हैं कि वह खूबसूरत दिखें और इसके लिए सभी उपाय करती हैं पर इसके लिए मेकअप के साथ ही अपने खान-पान पर भी ध्यान देना जरुरी है। बेहतर खान-पान से जहां आप तरोताजा रहती हैं वहीं आपकी त्वचा में भी निखार आता है। अखरोट का सेवन यूं तो पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा 3 फैटी एसिड दिल और सामान्य स्वास्थ्य दोनों के लिए अच्छे होते हैं। त्वचा की सेहत सुधारने के लिए भी अखरोट के इस्तेमाल की सलाह दी जाती है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने नियमित मॉनिटरिंग हो - प्रमुख सचिव श्री शुक्ल

**भोपाल।** प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री संजय कुमार शुक्ल ने कहा है कि ग्रीष्मकाल में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समस्त ज़िलों के विभागीय अधिकारी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि पेयजल स्त्रोतों में जैविक प्रदूषण को रोकने क्लोरिनेशन के लिए आवश्यक केमिकल्स की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रति सप्ताह जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल प्रदाय की विस्तृत समीक्षा करेंगें। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विकासखण्ड स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा करेंगें। साथ ही समीक्षा बैठकों में जन-प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने निर्देश दिये हैं कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला लगातार ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करे। विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर ग्रामों-बसाहटों में पेयजल समस्या का आंकलन किया जाए। स्थानीय जन-प्रतिनिधियों के साथ चिन्हांकित ग्रामों-बसाहटों में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ग्राम और बसाहटवार कार्य-योजना तैयार कर कारवाई सुनिश्चित की जाए।

### 24 घंटे में पूर्ण करें सुधार कार्य

प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हैण्डपंपों के संचालन की नियमित समीक्षा की जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री सुनिश्चित करें कि बंद हैण्डपंपों का सुधार कार्य 24 घंटे में पूरा किया जाए। विगत वर्षों में जिन हैण्डपंपों के नलकूप का जल स्तर नीचे चले जाने से उन नलकूप पर सिंगल फेस विद्युत मोटरपंप स्थापित कर पेयजल व्यवस्था सुचारू की गई थी। उन सिंगल फेज विद्युत मोटरपंपों की जाँच करायें। आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराकर नियमित समीक्षा की जाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि सी.एम हेल्पलाइन में हैण्डपंपों के संधारण कार्य तथा नल जल प्रदाय योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जाए।

### नल-जल योजना विद्युत सप्लाई के कारण प्रभावित न हो

प्रमुख सचिव ने कहा कि जिलों की सभी नल जल प्रदाय योजनाएँ चालू रहें। कोई भी नल-जल योजना विद्युत समस्या या विद्युत कनेक्शन के विच्छेद होने से बंद न रहें। जल जीवन मिशन में प्रगतिरत जिन योजनाओं में जल स्त्रोत तथा पाइप लाइन के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उन योजनाओं में सीधे पंपिंग कर पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ कराई जाए।

**समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय कर करें आवश्यक कार्यवाही:** प्रदेश में 26 समूह योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जिनसे जल प्रदाय चालू है। 20 योजनाएँ पूर्णता की ओर हैं और 69 योजना के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं। कलेक्टर, समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन में अनुमति की आवश्यकता पर संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र अनुमति दिलाने की कार्यवाही करें। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिये कि समूह जल प्रदाय योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की समीक्षा साप्ताहिक समय-सीमा की बैठकों में अनिवार्य रूप से की जाए।

**पेयजल परिवहन के लिए जल-स्त्रोत का चिन्हांकन एवं जल परिवहन की तैयारी करें पूर्ण:** प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये हैं कि ग्रीष्मकाल में जिन ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के लिए पेयजल परिवहन ही अंतिम विकल्प रह जाता है, ऐसे ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के लिए जल की गुणवत्ता का परीक्षण कर जल-स्त्रोतों का चिन्हांकन कर लिया जाए। शासकीय जल स्त्रोत उपलब्ध न होने की स्थिति में निजी जल स्त्रोतों के अधिग्रहण की कार्यवाही की जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों में उपलब्ध पानी के टेंकर अच्छी स्थिति में रखे जाएँ।

## स्टोरी

# डिहाइडेशन से बचने पर्याप्त पानी पीयें

गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी का सेवन सबसे जरुरी है। आम दिनों में दिन भर में दस से 12 गिलास पानी का सेवन करना चाहिये जबकि गर्मी में यह मात्रा जरुरत के अनुसार और बढ़ा दें। इसका कारण है कि गर्मी के मौसम में शरीर की पानी की जरूरत काफी हद तक बढ़ जाती है। इस मौसम में पसीने के रूप में काफी सारा पानी बाहर निकल जाता है। अगर इस मौसम में आप पर्याप्त पानी नहीं पीयेंगे तो इससे आपको डिहाइडेशन(निर्जलीकरण) की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे आपको कमजोरी, चक्कर आने और आंखों के सामने अंधेरा छा जाने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डिहाइडेशन की समस्या से निजात पाने के लिए ओआरएस सबसे बेहतर उपाय है। अगर आप चाहें तो घर पर भी इसे तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप



आधा चम्मच नमक में छह चम्मच चीनी और चार कप पानी मिलाएं। अब आप इसे आराम से मिलाएं ताकि चीनी और नमक अच्छी तरह घुल जाए। इस ओआरएस का सेवन आप दिन में कई बार करें। डिहाइडेशन होने का एक मुख्य कारण शरीर में पोटेशियम की कमी भी होती है। वहीं केले में पोटेशियम उच्च मात्रा में पाया जाता है। इस तरह आप दिन में दो केले अवश्य खायें। इससे आपको निर्जलीकरण से आराम तो होगा ही, साथ ही डिहाइडेशन होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाएगी। अगर आपको उल्टी या दस्त के कारण शरीर में डिहाइडेशन हुआ है तो आप दही का सेवन करें। इससे आपको इलेक्टोलाइटस तो मिलेंगे ही, साथ ही यह आपके पाचन तंत्र को भी आराम पहुंचाएगा। इसलिए दिन में कई बार खाएं। आप चाहें तो उबले हुए चावलों में भी दही व हल्का सा नमक मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। छाछ एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक होने के साथ-साथ पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज तत्वों से युक्त है। गर्मी में जब आपके शरीर से पसीना निकलता है तो उससे पानी ही नहीं निकलता, बल्कि इससे शरीर के खनिज तत्व भी बाहर निकल जाते हैं। वहीं अगर आप छाछ का सेवन करते हैं तो इससे वह सभी खनिज बॉडी में रिस्टोर होते हैं। इसके सेवन के लिए आप एक कप छाछ में आधा चम्मच डाई अदरक मिक्स करें। अब आप इस रिफ्रेशिंग डिंक का सेवन करें। निर्जलीकरण होने पर शरीर में पानी के साथ-साथ मिनरल्स को रिस्टोर करने का आसान तरीका है कि आप उन फलों व सब्जियों का सेवन अधिकाधिक करें, जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो। इस तरह के फलों व सब्जियों से आपके शरीर में पानी का स्तर तो बनता है ही, साथ ही इससे आपको नमक, खनिज, शुगर व अन्य पोषक तत्व प्राप्त होते हैं।

## हेटमायर ने 26 बॉल पर जड़े 56 रन

# राजस्थान की गुजरात पर पहली जीत, सीजन की चौथी, संजू सैमसन ने खेली 60 रन की पारी

**अहमदाबाद**

कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस पर पहली जीत दर्ज की है। टीम ने यह अति रोमांचक मुकाबला 3 विकेट से अपने नाम किया। यह राजस्थान की मौजूदा सीजन की चौथी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। उसके नाम 8 अंक हैं, जबकि गुजरात के खाते में 6 अंक हैं। देखें पॉइंट्स टेबल

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 178 रन के टारगेट को राजस्थान के बल्लेबाजों ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। इससे पहले, गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 177 रन बनाए। हेटमायर ने टीम को छक्के के साथ जिताया। उन्होंने कुल 5 छक्के जमाए।

### आखिरी 9 ओवर में बने 117 रन

178 के जवाब में राजस्थान की शुरुआत धीमी रही। टीम ने पावरप्ले में महज 26 रन बनाने में यशस्वी जायसवाल (1 रन) और



जोस बटलर (0 रन) के विकेट गंवा दिए थे। 11 ओवर के बाद स्कोरबोर्ड में टीम के 62 रन ही थे और चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में संजू सैमसन और शिमोरन हेटमायर ने मैच जिताऊ पारियां खेलीं। संजू ने 32 बॉल पर 60 और हेटमायर ने 26 बॉल पर 56 रन का योगदान दिया।

इससे पहले, गुजरात के ओपनर शुभमन गिल ने 34 बॉल पर 45, मिलर ने 30 बॉल पर 46 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 28, अभिनव मनोहर ने 13 बॉल पर 27 और साई सुदर्शन ने 19 बॉल पर 20 रन बनाए।

### बटलर 7 साल बाद जीरो पर आउट, 86 पारियां खेलीं

राजस्थान के ओपनर जोस बटलर जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड कर दिया। बटलर 7 साल बाद शून्य पर आउट हुए हैं। इससे पहले वे 2017 RPS के खिलाफ डक का शिकार हुए थे। बटलर ने इन दोनों डक के बीच 86 पारियां खेलीं। वे दो डक के बीच सबसे ज्यादा पारियां खेलने के मामले में स्टीव स्मिथ के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

### सचिन के बेटे अर्जुन ने किया आईपीएल डेब्यू

मुम्बई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को आंखिरकार आईपीएल में डेब्यू का अवसर मिल ही गया। 23 साल के अर्जुन तेज गेंदबाज होने के साथ ही एक अच्छे बल्लेबाज भी हैं। मुम्बई इंडियंस ने अर्जुन को उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में शामिल किया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें इंडियंस की कैप पहनायी। अर्जुन को अरशद खान की जगह रखा गया है। इस तेज गेंदबाज को 30 लाख रुपए के आधारमूल्य पर मुंबई ने खरीदा था। इससे पहले के आईपीएल में उन्हें एक बार भी खेलने का अवसर नहीं मिला था। अर्जुन को पिछले साल दिसंबर में मुंबई की शुरुआती रणजी ट्रॉफी टीम में भी शामिल किया गया था। अर्जुन निचले क्रम के बल्लेबाज़ भी हैं, उन्होंने 2019 में इंग्लैंड में एमसीसी यंग क्रिकेटर्स के लिए खेला था। उन्होंने मुंबई में अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। अर्जन ने इस सत्र में गोवा की ओर से सात रणजी ट्रॉफी खेलों में 12 विकेट लिए। इस दौरान इस ऑलराउंडर ने अपनी बल्लेबाजी क्षमताओं का भी प्रदर्शन किया और अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक बनाया।

# दूसरे टी20 में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 38 रन से हराया



**मुंबई**

पाकिस्तान ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 38 रनों से हराया। कप्तान बाबर आजम ने नाबाद 101 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 192 रन बनाए।

जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 7 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम के कमाल के बाद गेंदबाजी में हारिस रऊफ ने कीवी बल्लेबाजों को क्रीज पर जमने नहीं दिया और 4 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई।

पहले टी-20 में जल्दी आउट होने वाले कप्तान बाबर और विकेट कीपर रिजवान ने दूसरे टी-20 में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 99 रन की साझेदारी हुई। मैट हेनरी ने पारी के 11वें ओवर में रिजवान को मिचेल के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर अगली ही गेंद पर हेनरी ने फखर जमान को क्लीन बोल्ड कर दिया।

रिजवान ने 34 गेंदों पर 50 रन बनाए। वहीं बाबर ने 58 गेंदों का सामना कर नाबाद 101 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 छक्के और 11 चौके भी जड़े। बाबर और रिजवान के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 19 गेंदों पर 33 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। इनके अलावा रचिन रविंद्र और नीशम ने 1-1 विकेट लिए।

### हारिस रऊफ ने 4 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लिए

193 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को 44 रन के स्कोर पर पहला झटका शादाब खान ने दिया। उन्होंने कीवी कप्तान टॉम लाथम को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लाथम ने 20 गेंदों का सामना कर 19 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद दूसरे ओपनर चैड बोवेस भी 26 रन बनाकर आउट हो गए।

# कारोबार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3650-3680, खोपरा गोला 125-145, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 300-315, ऊंझा हल्का 325-330, मीडियम 345-360, बेस्ट 365-380, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बार?िक 190-225, कालीमिर्च एटम 545-555, गरबल 527-533, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 405-415, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1380-1400, मैदा कट्टा 1440-1460, रवा कट्टा 1480-1500, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1550-1600, (160) 1750-1800, (200) 2000-2050, (250) 2150-2200

**तेल :-** सींगदाना 1710-1730, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2700, सोया साल्वेंट 1035-1040, सोया रिफाइंड 1070-1075, कपास्या 1000, धूलिया 995, कड़ी 1000,

**तिलहन :-** सरसो 5900-6100, रायडा 4600-4900, सोयाबीन 4800-5550, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5300-5325, एवरेज 4950-4975

## नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो की तरह लेना पड़ेगा सब्सक्रिप्शन

# IPL के बाद ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीम करेगा जियो सिनेमा

**नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज का OTT प्लेटफार्म जियो सिनेमा (Jio Cinema) IPL के बाद ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीम करेगा, जिसके लिए यूजर्स को सब्सक्रिप्शन लेना पड़ेगा। जल्द ही जियो सिनेमा में हिंदी, मराठी, बंगाली और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में मूवीज और ओरिजिनल वेब सीरीज रिलीज करेगा।

जियो सिनेमा IPL 2023 का ऑफिशियल डिजिटल लाइव-स्ट्रीमिंग पार्टनर है। रिलायंस की मीडिया यूनिट Viacom18 ने डिजिटल लाइव-स्ट्रीमिंग के लिए 23,758 करोड़ रुपए में राइट्स खरीदे हैं। हालांकि, OTT प्लेटफार्म यूजर्स से कोई चार्ज लिए बिना IPL की लाइव-स्ट्रीमिंग कर रहा है। ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में रिलायंस के मीडिया और कंटेंट बिजनेस प्रेसिडेंट ज्योति देशपांडे ने कहा कि, जियो सिनेमा पर 100 से अधिक मूवी और वेब सीरीज रिलीज करने की योजना है। 28 मई को खत्म होने वाले IPL 2023 से पहले प्लेटफार्म पर नए कंटेंट रिलीज किए जाएंगे।

ओरिजिनल कंटेंट के लिए जियो सिनेमा अपने कंटेंट के लिए चार्ज लेना शुरू कर देगा। हालांकि ज्योति देशपांडे ने बताया कि अभी कंपनी ने जियो सिनेमा प्लान को फाइनल नहीं किया है, जल्द ही प्राइज तय की जाएगी।

जियो सिनेमा ने दावा किया है कि प्लेटफॉर्म में IPL के पहले हफ्ते में 5.5 बिलियन यूनिक वीडियो व्यूज आए हैं। वहीं, 12 अप्रैल 2023 को चेन्नई सुपर किंग्स VS राजस्थान रॉयल्स के मैच को रिकॉर्ड 22 मिलियन लोगों ने जियो सिनेमा में देखा।

### मोबाइल या लैपटॉप पर 2 तरीकों से देख सकते हैं IPL

आप फ्री में IPL मैच 2 तरीकों से देख हैं। पहला-आपको जियो सिनेमा ऐप डाउनलोड करना होगा। दूसरा-आप सीधे जियो सिनेमा की वेबसाइट पर जाकर मैच का मजा ले सकते है। एयरटेल, जियो, VI और BSNL समेत दूसरी टेलीकॉम कंपनियों के यूजर्स भी सभी मैचों को फ्री में ऑनलाइन देख सकेंगे। IPL में इस बार स्टार स्पोर्ट्स पर हिंदी, इंग्लिश सहित 9 भाषाओं में और जियो सिनेमा पर 12 भाषाओं में कमेंट्री हो रही है। स्टार और जियो पर इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, मलयालम भाषाओं में कमेंट्री हो रही है।


### भविष्य की स्मार्ट कार समस्या बताएगी और खुद ही सुधारेगी

नई दिल्ली। देश में स्मार्ट कार टेक्नोलॉजी से अगले दो साल में ऑटोमोबाइल सेक्टर की तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। गाड़ियां ज्यादा स्मार्ट, इंटेलिजेंट और कनेक्टेड हो रही हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी से फोर व्हीलर्स के साथ टू व्हीलर्स में कई समस्याओं को ठीक करने के लिए सर्विस सेंटर जाने की जरूरत नहीं होगी।

## 14 साल में TCS का शेयर 118 से 3,100 पर पहुंचा

**नई दिल्ली**

टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के शेयर ने अपने इन्वेस्टर्स को पिछले कुछ सालों यानी लॉन्ग टर्म में शानदार रिटर्न दिया है। देश की सबसे बड़ी IT कंपनी TCS का शेयर पिछले कुछ सालों में 118 से 3,100 रुपए पर पहुंच गया है। इस दौरान TCS के शेयरों ने अपने इन्वेस्टर्स को 2,500% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। पिछले लगभग 20



सालों में TCS ने दो बार बोनस भी बांटे हैं। बोनस शेयरों के चलते लॉन्ग टर्म में इन्वेस्टर्स को अपने निवेश में शानदार लाभ हुआ है। लगभग 14 साल पहले 20 फरवरी 2009 को इसके शेयर BSE पर 118.49 रुपए पर ट्रेड कर रहे थे। अगर तब आपने TCS के शेयरों में एक लाख रुपए निवेश किए होते, तो आपको 843 शेयर्स मिलते। कंपनी ने 2009 में ही 1:1 के रेश्यो से इन्वेस्टर्स को बोनस शेयर दिए थे। इसके बाद कंपनी ने 2018 में भी 1:1 रेश्यो से बोनस शेयर बांटे थे। इस तरह बोनस शेयरों को मिलाकर आपके टोटल शेयर्स 843 से बढ़कर 3,372 हो जाते।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)